Mail Print
-6.7.24

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– 12/अ0प्र0-03-02/2017 3593 अ0 /पटना, दिनांक– 02/7/24

प्रेषक,

इफ्तेखार अहमद,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार।

विषयः– 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– परिवहन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–4964 दिनांक–24.06.2020 एवं विभागीय ज्ञापांक–3405 दिनांक–06.07.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि परिवहन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–4964 दिनांक–24.06.2020 के आलोक में विभागीय ज्ञापांक–3405 अनु0 दिनांक–06.07.2020 द्वारा क्षेत्राधीन कार्यालयों में 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी वाहनों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जो अबतक अप्राप्त है।

अतएव अनुरोध है कि 15 वर्ष से पुराने सरकारी वाहनों की सूची निम्न विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0:–यथोक्त।

विहित प्रपत्र–**I**

| क्र0 सं0 | वाहन का नाम/मॉडल संख्या | निबंधन संख्या | निबंधन की तिथि/निबंधन की वैद्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

विश्वासभाजन

(ह0) 02/7/2024
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–12/अ0प्र0–03–02/2017 3593 अ0 /पटना, दिनांक– 02/7/24

प्रतिलिपिः–प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा/सभी मुख्य अभियंता एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:–यथोक्त।

(ह0) 02/7/2024
सरकार के उप सचिव

Saurabh Suman
6/7/24

बिहार सरकार

परिवहन विभाग

पत्रांक–06/विविध पत्राचार–17/2017.............

प्रेषक,

राज्य परिवहन आयुक्त,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/
सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिलाधिकारी।

पटना, दिनांक :–

विषय :– 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी वाहनों को प्रतिबंधित करने के पश्चात् ऑफ रोड हुए सरकारी वाहनों के संबंध में।

प्रसंग :– बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के पत्रांक–B–2641 दिनांक–08.06.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि परिवहन विभाग के पत्रांक–8116 दिनांक–05.11.2019 द्वारा 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी वाहनों को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के आलोक में आपके विभाग से संबंधित ऑफ रोड हुए सरकारी वाहनों की संख्या के संबंध में प्रतिवेदन की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित ऑफ रोड हुए सरकारी वाहनों की संख्या के संबंध में अपना प्रतिवेदन 3 दिनों के अन्दर परिवहन विभाग को भेजने की कृपा की जाय ताकि ससमय वस्तुस्थिति से बिहार राज्य प्रदूषण पर्षद् को अवगत कराया जा सके।

विश्वासभाजन

ह0/–
राज्य परिवहन आयुक्त,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 4964 पटना, दिनांक :– 24/6/2020

प्रतिलिपि :– आलोक कुमार, सदस्य–सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण पर्षद्, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/6/20

राज्य परिवहन आयुक्त,
बिहार, पटना।

(45)

# ग्रामीण कार्य विभाग
## बिहार पटना

पत्रांक 12/अ0प्र0-03-02/2017 2405 पटना/दिनांक-06/7/2020

प्रतिलिपिः- प्रशासक ब्राडा/पटना स्थित सभी अंचल/प्रमंडल ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि राज्य परिवहन आयुक्त बिहार पटना के ज्ञापांक 4964 दिनांक 24.06.2020 में वर्णित 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी वाहनों की सूची विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय जिससे कि वस्तुस्थिति से परिवहन विभाग को अवगत कराया जा सके।

विश्वासभाजन

6/7/2020

(संजय दूबे)

सरकार के अपर सचिव